दिनांक—24 जनवरी, 20...

4. प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति लेने हेतु पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रधानाचार्य जी,

आयशर विद्यालय,

फरीदाबाद।

विषय—छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु।

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय की कक्षा आठवीं का छात्र हूँ। मैं पिछले पाँच वर्षों से कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण हो रहा हूँ। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भी अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुका हूँ। मैं सदा से अपना पूरा शुल्क जमा करवाता रहा हूँ। लेकिन इस वर्ष यह मेरे लिए मुश्किल हो गया है क्योंकि मेरे पिताजी अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। वे पिछले तीन महीने से नौकरी पर नहीं जा पा रहे हैं। इस कारण उनका वेतन भी नहीं मिल रहा। माँ

बड़ी मुश्किल से घर खर्च ही चला पा रही हैं। मेरा शुल्क देना उनके लिए कठिन ही नहीं नामुमकिन भी है। मेरी आपसे विनती है कि जब तक मेरे पिताजी ठीक न हो जाएँ तब तक मुझे छात्रवृत्ति प्रदान की जाए। यदि आप ऐसा करेंगे तो मुझे पढ़ाई छोड़नी नहीं पड़ेगी। इस हेतु मैं सदा आपका कृतज्ञ रहूँगा।

धन्यवाद!

आपका आज्ञाकारी शिष्य

नाम–गोविंद

कक्षा–आठवीं

अनुक्रमांक–27

दिनांक-04 जुलाई, 20···

5. प्रधानाचार्य को वृद्धाश्रम जाने की अनुमति हेतु पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रधानाचार्य जी,

निरंकारी पब्लिक स्कूल,

नई दिल्ली।

विषय–वृद्धाश्रम जाने की अनुमति हेतु।

महोदय,

निवेदन यह है कि हम कक्षा आठवीं के विद्यार्थी दीपावली के अवसर पर वृद्धाश्रम जाना चाहते हैं। हमारी इच्छा है कि इस त्योहार के अवसर पर हम वृद्ध व मजबूर लोगों को फल, मिठाइयाँ, कपड़े व शुभकामनाएँ देकर उन्हें थोड़ी खुशी प्रदान कर सकें। यदि आप हमारे इस विचार को सही समझें तो कृपया हमें जाने की अनुमति दीजिए। हम सदा आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद!

प्रार्थी

कक्षा आठवीं के विद्यार्थी

दिनांक 1 मार्च, 20···